# व्यापम में मछलियां मरी, मगरमच्छ आज तक नहीं पकड़े गए

## शाजापुर के पूर्व प्रभारी मंत्री के विधायक भाई ने शाजापुर के कांग्रेसियों को दिया जवाब

**शाजापुर, 27 जून. सोशल मीडिया पर शाजापुर के कुछ कांग्रेसियों ने व्यापम घोटाले को लेकर पोस्ट की, कांग्रेसियों ने शाजापुर जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा पर व्यापम को लेकर निशाना साधा. जिस पर भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के भाई ने सोशल मीडिया पर कांग्रेसियों को जवाब देते हुए कहा कि इस व्यापम घोटाले की दोबारा जांच होना चाहिए. क्योंकि उनके भाई को षडयंत्र के तहत फंसाया गया था, यहां तक की उनकी मौत का कारण भी संदिग्ध बताया. विधायक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छोटी छोटी मछलियां मर गई, बड़े-बड़े मगरमच्छों का क्या हुआ आज तक पता नहीं चला.**

गौरतलब है कि सिरोंज के भाजपा विधायक व पूर्व प्रभारी मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के भाई उमाकांत शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक खबर पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था कि सिरोंज लटेरी में ताजिए ठंडे रहते हैं पता नहीं क्यों. जिस पर शाजापुर के पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि व्यापम के पानी से धोया हुआ. विधायक उमाकांत ने कांग्रेसियों को जवाब देते हुए लिखा कि व्यापम घोटाला इतना बड़ा है लेकिन फिर भी अधिकारी कर्मचारी दोषी नहीं पाए गए. उनके भाई स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा को फंसाया गया. यहां तक की उन्होंने



Umakant Sharma MLA

Umakant Sharma MLA · 5h · Author
Irshad Khan आदरणीय भाई साहब इरशाद खान साहब वैसे ही तो पानी गिर नहीं रहा और आप पानी की बात मत करो आप कौन से पानी के व्यक्ति हो मुझे नहीं मालूम लेकिन पानीपत बहुत प्रसिद्ध है
Reply 15

Irshad Khan · 4h
"भाई साहब व्यापम का पीड़ित हु"
Reply 5

Rahul Dangi · 2h
Khan Sahab aapko vyapam se Mukti mil jayegi
Reply 1

Umakant Sharma MLA · 1h · Author
Irshad Khan दोबारा जांच हो रही है और माननीय न्यायालय हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र कार्रवाई के लिए विधिवत शिकायत करिए कई लोगों पर कार्रवाई हुई कई पकड़ा भी गए कई लोगों का संदिग्ध स्थिति में निधन हुआ मेरे भाई साहब भी कोरोना में चलेगा कैसे गए क्या गए पता नहीं वास्तव में केवल 11 12 13 नहीं उस पुराने भी व्यापम के अपराधियों को षड्यंत्र कार्यों को अधिकारी दोषी आरोपी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई होना चाहिए समझ में नहीं आता व्यापम संस्था इतनी बड़ी थी किंतु इसमें कोई भी अधिकारी कर्मचारी दोषी इस आदि नहीं पाए गए तकनीकी शिक्षण

अपने मंत्री भाई की मौत को भी संदिग्ध बताते हुए कई सवालियां निशान लगा दिए हैं. उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि तकनीकि शिक्षण विभाग क्या आज व्यापम के दाग से मुक्त हो गया है क्या. छोटी छोटी मछलियां मर गई और बड़ी बड़ी मछलियां व मगरमच्छों का आज तक पता नहीं चला.

### इनका कहना है

*ताजिए को लेकर सिरोंज विधायक ने जो सोशल मीडिया पर लिखा था, उसको लेकर मैंने अपनी प्रतिक्रिया दी. लेकिन सिरोंज विधायक खुद स्वीकार कर रहे हैं कि व्यापम घोटाले में आज भी बड़े मगरमच्छ बचे हुए हैं और उन्होंने अपने भाई शाजापुर जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री की मौत को भी संदिग्ध बताया.*

*-इरशाद खान, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, शाजापुर*

### सोशल मीडिया पर शाजापुर कांग्रेसी और सिरोंज विधायक शर्मा भिड़े...

शाजापुर के पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान ने सिरोंज से भाजपा विधायक व शाजापुर जिले के पूर्व प्रभारी मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के भाई उमाकांत शर्मा का सोशल मीडिया पर व्यापम और ताजिए को लेकर जबरजस्त बहस चर्चा का विषय है .हालांकि इस विषय में सबसे महत्वपूर्ण व गंभीर बात यह है कि भाजपा विधायक ही अपने मंत्री भाई की मौत को संदिग्ध बता रहे हैं और व्यापम घोटाले में बड़े मगरमच्छ को लेकर सवालिया निशाना लगा रहे हैं . हालांकि यह बड़ा मगरमच्छ व्यापम घोटाले का कौन है . इस संबंध में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा को कई बार फोन किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका .

# ताजियों के विसर्जन के साथ हुआ मोहर्रम पर्व का समापन



**शुजालपुर, 27 जून. हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व का समापन नगर में शनिवार को ताजियों के विसर्जन के साथ हुआ. इस विसर्जन समारोह को समाजजनों ने परम्परागत रूप से मनाते हुए हेरतअंगेज करतब दिखाए.**

सिटी में सुबह से ही पर्व समापन की तैयारी चल रही थी. दोपहर को विभिन्न स्थानों पर बनाए गए ताजिए अलग-अलग चल समारोह के रूप में सिटी में पहुंचे. जहां से सभी ताजियों का संयुक्त चल समारोह के रूप में अखाड़ों के साथ सिटी के विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर पालिका के सामने समारोह के रूप में तब्दिल हो गए. यहां पर ताजियों को नागरिकों के लिए रखा गया. ताजियों के समक्ष पहुंचकर विभिन्न समुदाय के लोगों ने पूजा अर्चना करते हुए लोबान चढाई साथ ही मन्नत के धागे भी बांधे गए. सिटी बस स्टैंड पर विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने कई घंटों तक हैरतअंगेज करतब दिखाए. ताजियों के चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया. इस पर्व के चलते प्रशासन द्वारा माकूल सुरक्षा इंतजाम किए गए थे. समारोह उपरांत मोहर्रम के ताजिए करबला के लिए जमधड नदी रवाना हुए. सिटी में बस स्टैंड पर कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न अखाड़ों के उस्तादों, खलिफाओं व कलात्मक ताजिए बनाने वाले ताजिएदारों का सम्मान किया गया.

# ट्रेन से गिरा यात्री, गंभीर रूप से हुआ घायल

**शाजापुर, 27 जून. जिले के मक्सी रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार शाम को भोपाल दाहोद एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक की पहचान भोपाल के रहने वाले विशाल के रूप में हुई है.**

बताया जा रहा है कि विशाल दोपहर को भोपाल से ट्रेन में सवार हुआ था और आलोट अपनी ससुराल अपनी पत्नी से मिलने जा रहा था. जब ट्रेन मक्सी स्टेशन के पास पहुंची तब वह कोच के दरवाजे गेट पर बैठा हुआ था. इसी दौरान अचानक उसका बैलेंस बिगड़ा और वह तेज रफ्तार चलती ट्रेन से सीधे नीचे कंक्रीट पर जा गिरा. ट्रेन से युवक के गिरने के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई. आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए 108 एंबुलेंस और रेलवे पुलिस प्रशासन को घटना की जानकारी दी. मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल विशाल को पहले मक्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया.

## 350 रूपये प्रति वर्ष की कीमत पर मिलेगा 5 लाख का बीमा

**शाजापुर, 27 जून.** डाक विभाग ने आम जनता को कम खर्च में सुरक्षा देने के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी के माध्यम से एक नई और दुर्घटना बीमा योजना की शुरुआत की है. इस योजना के तहत बेहद कम वार्षिक प्रीमियम पर 5 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा है. एक साल की अवधि वाली इस बीमा योजना का लाभ लेने के लिए हर साल इसका रिन्यूअल कराना होगा.

## एक नजर में

### मयंक काबरा लगातार दूसरी बार बने लायन्स क्लब मक्सी के अध्यक्ष



**मक्सी, 27 जून** .लायंस क्लब मक्सी के लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 के शपथ ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में लायन मयंक काबरा ने लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली . समारोह में इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी लायन डॉ. कुलभूषण मित्तल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया. प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट ने नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पाण्डेय, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रमेश काबरा, डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे . इस दौरान डॉ. कुलभूषण मित्तल ने लायंस क्लब मक्सी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अध्यक्ष मयंक काबरा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन मेडल से सम्मानित किया .अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मयंक काबरा ने वर्ष 2026-27 के लिए कई सेवा प्रकल्पों की घोषणा की . इनमें लायंस एम्बुलेंस सेवा, 100 बर्ड फीडर्स, चार आरओ वाटर कूलर, बाल संस्कार कक्षाएं, विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक पुस्तकों का वितरण, लियो क्लब की स्थापना एवं सदस्यता विस्तार अभियान प्रमुख हैं. समारोह में प्रेरक वक्ता लायन सिद्धार्थ बंसल ने एटीट्यूड जीने का नजरिया विषय पर व्याख्यान दिया . वहीं पत्रकारों का भी सम्मान किया गया . कार्यक्रम का संचालन लायन हेमंत पटेल एवं लायन शीला पटेल ने किया तथा अंत में सचिव लायन श्रीधर माहेश्वरी ने आभार व्यक्त किया .

**नई कार्यकारिणी ने ली शपथ**

संस्थापन अधिकारी लायन राम जाट ने वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष लायन मयंक काबरा, प्रथम उपाध्यक्ष अमर सिंह कुशवाह, द्वितीय उपाध्यक्ष जीएस दीक्षित, तृतीय उपाध्यक्ष सीमा भावसार, सचिव श्रीधर माहेश्वरी, सह सचिव शीला पटेल, कोषाध्यक्ष हेमंत पटेल, सह कोषाध्यक्ष तेजकरण नागर सहित नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं संचालकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई .

### 42 वर्ष की शैक्षणिक सेवा के बाद डॉ .अंसारी को भावभीनी विदाई



**शुजालपुर, 27 जून** . शासकीय जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ . मोहम्मद यासीन अंसारी के 42 वर्ष के शैक्षणिक सेवाकाल पूर्ण होने पर वाणिज्य विभाग द्वारा रुद्राक्ष गार्डन में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया . डॉ .अंसारी ने अपने 42 वर्षों के सेवाकाल में लगभग 25 वर्ष शुजालपुर महाविद्यालय में वाणिज्य प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दीं . इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के प्रति सहज, सरल और सहयोगपूर्ण व्यवहार से अपनी अलग पहचान बनाई. छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए उनकी तत्परता और निष्पक्ष कार्यशैली को सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों ने सराहा. समारोह में वाणिज्य विभाग की ओर से डॉ . अंसारी की सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया . इस अवसर पर डॉ. सुरभि गुप्ता, डॉ .अकबर अली, डॉ .ओमप्रकाश परमार, योगेंद्र सिंह चौहान,नवीन छालवंत, सलोनी सक्सेना एवं अजय सांखला सहित विभाग के सदस्य उपस्थित रहे .

### उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का किया स्वागत



**आगर, 27 जून** . प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का शनिवार को आगर मालवा जिले के प्रवास के दौरान स्थानीय रेस्ट हाउस, आगर में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया . इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया . इस अवसर पर विधायक मधु गहलोत जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, बाबूलाल यादव, भैरूसिंह चौहान, दिलीप सकलेचा, श्रीमती आभा चोपड़ा, श्रीमती मीना स्वर्णकार, जितेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे . प्रशासनिक अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे .

# लॉ कॉलेज पर लगी दो लाख की पेनल्टी

## स्थानांतरण होने से किसी को नहीं मिला प्रभार, संबद्धता शुल्क जमा करने में हुई देरी



**शाजापुर, 27 जून. स्थानीय शासकीय विधि महाविद्यालय को दो लाख रुपये की पेनल्टी भरनी पड़ी है. यह पेनल्टी सत्र 2026-27 के लिए बार काउंसिल आफइंडिया बीसीआई को संबद्धता शुल्क निर्धारित समय सीमा में जमा न करने के कारण लगाई गई है. उनका स्थानांतरण होने के कारण प्राचार्य कक्ष में ताला लगा था और किसी को प्रभार भी नहीं मिला था. जिसके चलते शुल्क जमा करने में देरी हुई.**

दरअसल डॉण् कनेरिया का स्थानांतरण हरदा हो गया था और वे प्राचार्या कक्ष में ताला लगाकर चले गए थे. नवीन प्रभारी प्राचार्य मनोहर सिंह मेवाड़ा ने पदभार संभालने के बाद बीसीआई से संपर्क किया. उन्हें बताया गया कि विलंब के कारण महाविद्यालय को दो लाख रुपये की पेनल्टी जमा करनी होगी, अन्यथा संबद्धता नहीं मिलेगी और नए प्रवेश प्रभावित होंगे. इसके बाद जब जनभागीदारी खाता देखा गया तो उसमें भी पर्याप्त राशि न होने के कारण बीकेएसएन अग्रणी महाविद्यालय से आर्थिक सहायता लेकर यह पेनल्टी जमा की गई.

**पांच सदस्यों की उपस्थिति में खोला ताला, गायब मिली सामग्री**

प्रभारी प्राचार्य मनोहर सिंह मेवाड़ा ने बताया कि पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कनेरिया स्थानांतरण के समय प्राचार्य कक्ष पर ताला लगाकर चले गए थे. जिनसे कई बार संपर्क करने के बावजूद कक्ष की चाबी उपलब्ध नहीं कराई गई. इसके बाद महाविद्यालय प्रशासन ने पांच सदस्यों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर नियमानुसार प्राचार्य कक्ष का ताला खुलवाया. कक्ष खुलने के बाद महाविद्यालय की सामग्री का सत्यापन किया गया. जांच में कान्फ्रेंस हाल का ब्लूटूथ, कुछ सीसीटीवी कैमरे और एक फुट मसाज किट अनुपलब्ध पाए जाने का दावा किया गया है. प्रभारी प्राचार्य का कहना है कि सामग्री का विधिवत हस्तांतरण न होने से महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हुए हैं.

# डीडी एमपी से गूंजेंगे शाजापुर के लोक कलाकारों के कबीर भजन



**शुजालपुर, 27 जून. संत कबीर जयंती के अवसर पर शाजापुर जिले के ग्राम झोंकर के प्रसिद्ध मालवी लोक कलाकारों की प्रस्तुति का प्रसारण रविवार, 28 जून को दोपहर 1. 05 बजे डीडी एमपी दूरदर्शन केंद्र भोपाल से किया जाएगा.**

कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक गायक दिनेश कुमार धौलपुरे एवं बाबूलाल धौलपुरे अपनी मंडली के साथ संत कबीर के भजनों की प्रस्तुति देंगे. कार्यक्रम में विजय कुमार अहिरवार, अशोक सिलोदिया, आदर्श धौलपुरे, आदित्य धौलपुरे, अनिल कुमार, देवकरण तथा बाबूलाल राजोरिया सहित अन्य कलाकार भी शामिल रहेंगे.धौलपुरे परिवार की पांचवीं पीढ़ी भी इस प्रस्तुति का हिस्सा बनेगी, जो मालवी लोक संगीत और कबीर वाणी की परंपरा को आगे बढ़ा रही है. धौलपुरे मंडली देश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी है. इनमें महाकुंभ प्रयागराज, मगहर संत कबीर नगर पटना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र एवं प्रगति मैदान नई दिल्ली, कुल्लू, हिंगोली, श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन, भारत भवन भोपाल तथा लाल परेड ग्राउंड भोपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वन मेला प्रमुख हैं. लोक गायक दिनेश कुमार धौलपुरे ने बताया कि वे अपने पिता और दादा से मिली लोक संगीत एवं कबीर भजन गायन की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं. भारतीय संस्कृति, संस्कार और लोक परंपरा के संरक्षण का यह प्रयास अब परिवार की पांचवीं पीढ़ी तक पहुंच चुका है, जिसमें आदर्श धौलपुरे और आदित्य धौलपुरे भी अपनी प्रभावी प्रस्तुतियों से पहचान बना रहे हैं.

# नीट पेपर लीक मामले में युवक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## हाईवे जाम करने की कोशिश, पुलिस ने वाटर कैनन से रोका

**शाजापुर, 27 जून. नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर शनिवार शाम को बस स्टैंड पर युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया. केंद्र सरकार के खिलाफ उग्र नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने शहरी हाईवे पर चक्का जाम करने का प्रयास किया. हालांकि, पुलिस ने पहले से ही बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया.**

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन फायर वाहन का इस्तेमाल कर कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछारें कीं. करीब 10 मिनट तक युवा कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ते हुए सड़क पर बैठने की कोशिश करते रहे. तनावपूर्ण माहौल के बीच जब कार्यकर्ता गिरफ्तारी देने के लिए पुलिस के वज्र वाहन में बैठने लगे, तभी एक कार्यकर्ता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंक दिया. पुलिस ने तुरंत पुतला छीनकर पानी से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता जलता हुआ पुतला लेकर दोबारा भाग निकले.





**लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़-इस्तीफा दें शिक्षा मंत्री**

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार ने कहा कि नीट पेपर लीक कांड से देश के लाखों होनहार छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है. इस पूरे मामले की नैतिक जिम्मेदारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की है और उन्हें पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है, वे तत्काल इस्तीफा दें. सिकरवार ने चेतावनी दी कि यदि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं हुआ, तो युवक कांग्रेस शाजापुर की हर गली में उग्र प्रदर्शन करेगी.

### मृत छात्रों को दी श्रद्धांजलि, बैनर लेकर दर्ज कराया विरोध

प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा लीक होने के बाद हताशा में आत्महत्या करने वाले 21 छात्र छात्राओं को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की . प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि इस पूरे महाघोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए . इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के सदस्य और छात्र उपस्थित रहे .

## एक नजर में

### विशेषज्ञों ने कहा आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के साथ करें किसान सोयाबीन व अन्य खरीफ फसलों की खेती

# 2 लाख 88 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में होगी खरीफ फसलों की बोवनी



**शाजापुर, 27 जून. खरीफ सीजन की शुरूआत हो चुकी है, कहीं बुवाई का कार्य प्रारंभ हो गया है तो कहीं किसान बुवाई की तैयारियों में जुट गए हैं. शाजापुर जिले में इस वर्ष खरीफ में लगभग 2 लाख 88 हजार390 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी होगी. जिसमें से लगभग 278400 हेक्टेयर में सोयाबीन फसल की बुआई की जाएगी तथा शेष रकबे में अन्य खरीफ फसलें बोई जाएगी. कृषि विशेषज्ञों द्वारा लगातार किसानों को उचित मार्गदर्शन लेकर उन्नत तकनीकें अपनाकर बुवाई करनें की सलाह दी जा रही है.**

उप संचालक कृषि आरएल जामरे ने बताया कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा की अनिश्चितता को देखते हुए किसान भाईयो से अपील है कि सोयाबीन की बुवाई, रेज्डबेड या ब्रॉड बेड फरो बीबीएफएवं रिज एवं फरो वैज्ञानिक बुवाई पद्धतियां अपनाने की सलाह दी जा रही है.किसानों को प्रमाणित एवं उपचारित बीज का उपयोग करने, अनुशंसित बीज दर एवं उर्वरक प्रबंधन अपनाने, समय पर खरपतवार नियंत्रण तथा कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी करने की भी सलाह दी गई है.

### इन उन्नत नस्लों की बोवनी कर सकते है किसान

किसानों को अधिक उत्पादन एवं बेहतर लाभ प्राप्त करने के लिए नवीन एवं उन्नत सोयाबीन किस्मों जैसे एनआरसी131, एनआरसी150, एनआरसी157, एनआरसी 136, एनआरसी 138, एनआरसी 142, जेएस 2172, जेएस 2098, जेएस 20116, जेएस 2094 जेएस 2303, जेएस 2305, आरवीएस 20014, आरव्हीएसएम 1135 आदि क्षेत्र के लिए अनुशंसित अन्य उन्नत किस्मों का उपयोग करने की सलाह दी गई है .

### पर्याप्त मात्रा में पौधों को मिलती है आक्सीजन और नाईट्रोजन...

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ . एसएस धाकड ने बताया कि रेज्डबेड पद्वति से बुआई करने पर वर्षा की अनियमित स्थिति जैसें कम एंव अधिक वर्षा दोनो ही स्थिति में सोयाबीन का उत्पादन अधिक मिला रहा है . केन्द्र के वैज्ञानिकों से प्रेरित होकर कई कृषकों ने इस वर्ष भी रेज्डबेड पद्वति से बुआई कर रहे है एंव उन्हे अच्छे उत्पादन की उम्मीद है . इस पद्धति में पौधे को पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन और नाईट्रोजन मिल जाती है . मेढ से मेढ की दूरी पर्याप्त होने से पौधो की कैनोपी को सूर्य की किरणे अधिक से अधिक मिलती है जिससे पौधें स्वस्थ रहते है .

### यह भी कर सकते है किसान...

डॉ . धाकड ने सलाह दी है कि सोयाबीन की फ़सल हेतु कृषको के पास जहा पर रेज्डबेड प्लांटर की उपलब्धता नहीं है वहा पर एक साधारण सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील को हम बीवीएफमशीन में परिवर्तित कर सकते हैं . सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील की दोनों और की आखरी टाइन्स हटाकर उसमें रीजर लगाया जाता है . इस तकनीक में बीबीएफ सीडड्रिल से बुआई की जाती है, डॉ. धाकड़ ने कहा कि सोयाबीन की फ़सल हेतु कृषको के पास जहा पर रेज्डबेड प्लाटर, बीवीएफ मशीन की उपलब्धता नहीं है वहां पर कृषक खेतों की स्थिति अनुसार वर्षा जल के सुरक्षित जल निकास हेतु बुवाई के तुरंत बाद ट्रैक्टर चलित नाली बनाने वाले यंत्र डीचर से नाली बनाएं . जिससे सुरक्षित जल निकास हो सके एवं कम वर्षा की स्थिति में नमी का संरक्षण किया जा सकें .

## प्री मानसून, शहर में बारिश, उमस से मिली राहत

**शाजापुर, 27 जून.** नगर में प्री मानसून का दौर जारी है. जिसके चलते नगरवासियों को कभी उमस बर्दाश्त करना पड़ रही तो कभी हल्की बारिश से राहत मिल रही है. गुरूवार के बाद शनिवार को नगर में बारिश हुई. शहर में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे मौसम का एक अनोखा रूप देखने को मिला. सुबह से तेज धूप और उमस के बाद दोपहर में अचानक घने बादल छा गए. इसके बाद शहर के महुपुरा क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हो गई, जबकि उसी समय बस स्टैंड, सोमवारिया बाजार, आजाद चौक सहित विभिन्न इलाको में तेज धूप खिली हुई थी. इस दौरान बारिश तो हुई, लेकिन धूप होने की वजह से बारिश थमते ही उमस से लोगों का बुरा हाल होने लगा. हालांकि शाम को ठंडी हवाओं ने नगरवासियों को गर्मी से राहत दी. वहीं इसके बाद शाम से गरज चमक के साथ फिर बारिश का दौरचला. मौसम विभाग के अनुसार नगर में 2 जुलाई तक प्री मानसूनी गतिविधियां जारी रहेंगी. इस दौरान प्रतिदिन बारिश की संभावना बनी रहेगी. मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 35.8 व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.